संसद सदस्यों ने श्रीमती सरोजिनी नायडू को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 13 फरवरी, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केन्द्रीय संसदीय कार्य; कोयला और खान मंत्री श्री प्रहलाद जोशी और राज्य सभा के उप सभापति, श्री हरिवंश ने आज श्रीमती सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कई संसद सदस्यों, लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

श्रीमती सरोजिनी नायडू के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में 16 दिसंबर, 1959 को किया था।